कांवड़िया बोले बम बम भोले | By VInod Kumar

कांवड़िया बोले बम बम भोले
कांवड़ ले ले कांवड़ नाचे
जपते शिव नाम माला
कांवड़िया बोले .....

हरीद्वार खाली कांवड़ लाना
यहाँ से जल भर कर ले जाना
जल भर कांवड़ पैदल आना
बम बम भोले तू कहते जाना
गंगा जल शिव को चढ़ाना
कांवड़िया बोले .....

शिव के द्वारे जो भी आवे
काँधे पे कांवड़ जो लावे
शिव के द्वारे जो भी आवे
काँधे पर कांवड़ ले आवे
मन इच्छा फल पावे
कांवड़िया बोले .....

सावन मास बड़ा पावन भाये
यह मास शिव को है रिझाये
सावन मास बड़ा पावन भाये
जो इसमें जल शिव को चढ़ाये
वर मुक्ति का वो पाए
कांवड़िया बोले .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-v/